आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 28.05.2024
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह, अब तक बारह लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चारों धामों में दर्शन किए।
- टिहरी जिले के बुडोगी गांव के जंगल में लगी आग पर काबू पाने का प्रयास जारी।
- अल्मोड़ा जिले में एक वाहन के खाई में गिरने से तीन लोगों की मृत्यु हो गई।
- प्रदेश में कहीं–कहीं तापमान सामान्य से अधिक, मौसम विभाग के अनुसार कल से तापमान में गिरावट की संभावना।

**चारधाम यात्रा**

चारधाम यात्रा के लिए बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों के उत्तराखण्ड पहुंचने का सिलसिला जारी है। प्राप्त आंकड़ो के अनुसार अब तक बारह लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चारों धामों में दर्शन और पूजा–अर्चना की है। केदारनाथ धाम में तीर्थयात्रा के लिए श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। अब तक पांच लाख से ज्यादा भक्तों ने केदारनाथ की यात्रा की है। यात्रा पर आए देश–विदेश के श्रद्धालुओं ने प्रशासन की ओर से किए गये व्यवस्थाओं पर अपने अनुभव साझा किए।

बदरीनाथ धाम में दर्शन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा भी दिन–प्रतिदिन बढ रहा है और अब तक दो लाख 77 हजार से ज्यादा तीर्थयात्रियों ने भगवान बदरी विशाल की पूजा–अर्चना की है। उधर, यमुनोत्री धाम में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा दो लाख 18 हजार से अधिक, जबकि गंगोत्री दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या दो लाख से ज्यादा पहुंच गई है। वहीं, 25 मई को गुरूद्वारा हेमकुण्ड साहिब के कपाट खुलने के बाद से यहां अब तक करीब दस हजार श्रद्धालुओं ने मत्था टेका है।

## वनाग्नि टिहरी

टिहरी जिले के बुडोगी गांव के पास आज सुबह जंगल में लगी आग नई टिहरी डाइजर क्रू स्टेशन के पास चीड़ के जंगल में फैल गई। आग से निकलने वाले धुंए से नई टिहरी के कई इलाकों में स्थानीय निवासी दिनभर परेशान रहे। उपप्रभागीय वन अधिकारी रश्मि ध्यानी ने बताया कि क्षेत्र में लगी आग पर काबू पाने का प्रयास जारी है। उन्होंने बताया कि इसमें अग्निशमन के वाहनों को भी लगाया गया है। आकाशवाणी से बातचीत में उपप्रभागीय वन अधिकारी ने कहा कि जंगल में चट्टानी क्षेत्र होने के कारण आग से काफी नुकसान हुआ है।

फायर ब्रिगेड के प्रभारी ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए विभाग के कर्मचारियों के अलावा पानी के टैंक लगाए गए हैं। आग बस्तियों में न फैले इस पर नजर रखी जा रही है।

## जागरुकता कार्यक्रम

विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम के तहत आज अल्मोड़ा स्थित गोविन्द बल्लभ पन्त राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान में सूखे से निपटने वाले जंगली खाद्य पदार्थों और औषधीय पौधों का रोपण किया गया। 26 मई से 05 जून तक चलने वाले इस कार्यक्रम के तहत भूमि बहाली, सूखे से निपटने और मरुस्थलीकरण का रोकथाम विषय के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पर्यावरण आंकलन व जलवायु परिवर्तन केंद्र के प्रमुख और संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. जे.सी. कुनियाल ने सभी को सूखे से निपटने वाले जंगली खाद्य पदार्थों और औषधीय पौधों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जंगली खाद्य पदार्थों और औषधीय पौधे का पारंपरिक चिकित्सा में महत्वपूर्ण स्थान है। इसकी पत्तियां और छाल टैक्सोल का मुख्य स्रोत होती है, जिसमें कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकने की एक अनूठी क्षमता होती है।

## सड़क दुर्घटना

अल्मोड़ा जिले के सल्ट क्षेत्र में चचरोटी के पास एक वाहन के खाई में गिरने से उसमें सवार तीन लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि एक बच्चा घायल हो गया। वाहन सवार रुड़की से देघाट की ओर जा रहे थे। हादसे की सूचना मिलने पर एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान चलाया और तीनों शवों को खाई से निकाला। उधर, कौड़ियाला के पास श्रद्धालुओं से भरी एक बस सड़क पर पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची देवप्रयाग थाने की पुलिस और एसडीआरएफ ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिया। बस में बैठे सभी यात्री सुरक्षित हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बदरीनाथ से वापस लौटते समय कौड़ियाला के पास ब्रेक फेल होने से बस सड़क पर पलट गयी। बस में तेलंगाना के 28 श्रद्धालु सवार थे।

## दीक्षांत परेड

देहरादून स्थित पुलिस लाइन में आज मुख्य आरक्षी पुलिस दूरसंचार के प्रशिक्षुओं का दीक्षांत परेड समारोह आयोजित किया गया। परेड के बाद 231 मुख्य आरक्षी पुलिस बल में शामिल हो गए, जिसमें 69 महिला मुख्य आरक्षी भी शामिल हैं। इस मौके पर पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने परेड की सलामी ली। उन्होंने प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु मुख्य आरक्षियों को सम्मानित किया। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि राज्य की बालिकाएं पुलिस सर्विस में बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रही हैं।

## भारतीय मानक ब्यूरो

भारतीय मानक ब्यूरो के तत्वावधान में रुद्रप्रयाग के चोपता स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर छात्रों को भारतीय उत्पादों, उपभोक्ता फोरम, उत्पादों की गुणवत्ता, प्रसार और इनके मानकों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों ने आई.एस.आई, आई.पी.ओ, हॉलमार्क, एगमार्क, ईकोमार्क, एफपीओ और अन्य के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में छात्रों की स्टैंडर्ड राइटिंग प्रतियोगिता में सभी विजेता छात्र–छात्राओं को नकद पुरस्कार देने के साथ ही प्रशस्ति पत्र भी दिए गए।

## मौसम

प्रदेश के मैदानी हिस्सों में गर्मी का प्रकोप जारी है। देहरादून स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि राज्य के पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश होने से मौसम सामान्य बना हुआ है। उन्होंने कहा कि मैदानी क्षेत्रों में 30 तारीख से एक जून तक मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा और बारिश होने से आम लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। उन्होंने इस दौरान चारधाम यात्रियों को एहतियात बरतने की सलाह भी दी है।

## मतगणना समीक्षा

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती आगामी 4 जून को होनी है। इसके लिए चुनाव आयोग ने मतगणना की तैयारियां शुरू कर दी है। इसी क्रम में आज अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था ए.पी.अंशुमान ने मतगणना की तैयारियों को परखा। इस दौरान उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए क्षेत्रीय और जिला प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की और उन्हें जरूरी निर्देश दिए। अपर पुलिस महानिदेशक ने सभी जिला प्रभारियों को मतगणना स्थल का दौरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल का प्रभारी एक राजपत्रित अधिकारी को नियुक्त किया जायेगा। श्री अंशुमान ने मतगणना के संबंध में सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों और मीडिया प्रभारियों के साथ समय पर बैठक करने तथा भीड़ नियंत्रण के लिए कार्य योजना तैयार करने की जरूरत भी जोर दिया।

## लोकसभा चुनाव

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए प्रचार चरम पर है। राजनीतिक दलों के शीर्ष नेता जनसभाएं और रोड शो कर रहे हैं। इस चरण में पहली जून को आठ राज्यों की 57 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। मतगणना 4 जून को होगी।

**लोकसभा अध्यक्ष**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि निवर्तमान 17वीं लोकसभा महिला आरक्षण विधेयक, तीन तलाक उन्मूलन और भारतीय न्याय संहिता जैसे विधेयकों को पारित करने के साथ–साथ अपने ऐतिहासिक कानूनों के लिए जानी जाएगी। नई दिल्ली में आज आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में श्री बिरला ने अपने पांच साल के कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि ये कानून देश को आगे ले जाएंगे और सकारात्मक बदलाव लाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि 17वीं लोकसभा के दौरान हुई चर्चा और बहस वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए एक रोडमैप के रूप में काम करेगी।

**यात्रा निरीक्षण**

शहरी विकास विभाग के अपर निदेशक डा. ललित नारायण मिश्रा ने चमोली जिले में यात्रा मार्गों के साथ ही जोशीमठ नगर और बदरीनाथ धाम में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। जोशीमठ में निरीक्षण के दौरान उन्होंने जोशीमठ नगर पालिका के कूड़ा सेग्रीगेशन स्थल, विष्णुप्रयाग घाट और जोशीमठ–बदरीनाथ यात्रा मार्ग पर स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बदरीनाथ धाम मे स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए उन्होंने पर्यावरण मित्रों की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए। इस दौरान नगर पंचायत बदरीनाथ के अधिशासी अधिकारी सुनील पुरोहित ने धाम में स्वच्छता व्यवस्थाओ को लेकर किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।